29.08.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव की हलचल तेज–अब तक करीब 9 हजार नामांकन दाखिल।

○ केन्द्र सरकार ने देश की सार्वजनिक परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए हितधारको से सुझाव आमंत्रित किये।

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आकाशवाणी से हर महीने प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम की 137वी कडी कल सुबह 11 बजे होगी।

○ केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने लोगों से खेलों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।

00000

प्रदेश में अगले महीने होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए हलचल तेज हुई। अब तक करीब 9 हजार नामांकन दाखिल किये गये है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार 10 हजार 245 वार्डों के लिए 31 अगस्त को नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का अंतिम दिन है। इसके बाद ही कुल प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो जायेगी। हालांकि 3 सितम्बर तक नाम वापिस लिये जा सकेंगे। इस बीच आज नाम निर्देशन पत्र भरने के लिए निकाय कार्यालयों में रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष उम्मीदवारों की भीड़ देखी गई। साथ ही प्रत्याशियों ने अपना जन संपर्क भी तेज कर दिया है और सोशल मीडिया के जरिये भी प्रचार में जुट गये है। भाजपा और कांग्रेस दोनो प्रमुख राजनैतिक दलों के अलावा दावेदार निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर भी मैदान में उतर रहे हैं। उधर कई स्थानों पर तीसरे मोर्चे के प्रत्याशी मुकाबलो को त्रिकोणीय और दिलचस्प बना रहे है। निकाय चुनावों में ज्यादा से ज्यादा मतदान सुनिश्चित करने के लिए लगातार मतदाता जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है। स्वीप सतरंगी सप्ताह के तहत आज विभिन्न स्थानों पर रैलियां निकालकर भयमुक्त और निष्पक्ष मतदान का संदेश दिया गया। बालोतरा के मोकलसर में विधार्थियों ने वोट की आकृति बनाकर मतदाता जागरूकता की अलख जगाई।

00000

राजस्थान गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम–आरजीएचएस में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए दावों की नियमित निगरानी और दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड ने बताया कि आरजीएचएस के तहत गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के साथ ही राशि का पारदर्शी और उचित उपयोग सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है। योजना में एआई आधारित निगरानी और दस्तावेजों के सत्यापन से संदिग्ध पेटर्न की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी कडी में सीकर स्थित एसबी मित्तल मेमोरियल हार्ट और क्रिटिकल केयर अस्पताल को आरजीएचएस से निलंबित किया गया है। इस अस्पताल को छोड चुके चिकित्सक के नाम पर यहां रिकॉर्ड में हेरफेर करने की बात सामने आई थी। मामले की गहन जांच की जा रही है।

0000

केन्द्र सरकार ने देश की सार्वजनिक परीक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए हितधारको से सुझाव आमंत्रित किये है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने परीक्षा सुधार को लेकर सार्वजनिक सुझाव लेने की प्रकिया शुरू की है। इसके लिए परीक्षा आयोजित करने और परीक्षण तैयार करने वाली संस्थाओं, विषयविशेषज्ञों, प्रौद्योगिकी पेशेवरों के साथ ही नागरिक समाज संगठन और अन्य लोग 13 सितम्बर तक अपने सुझाव दे सकते है। गौरतलब है कि नंदन

नीलेकनी की अध्यक्षता वाली टास्क फोर्स ने प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, परीक्षाओं की पारदर्शिता, परीक्षा केन्द्रों की निगरानी, शिकायत निवारण और हितधारको के साथ संवाद स्थापित करने सहित अन्य उपायो पर सुझाव मांगे है।

0000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने साईबर ठगी की जांच के दौरान बैंक खातों को मनमाने ढंग से फ्रीज करने पर कडा रूख अपनाया है। अदालत ने जांच एजेन्सियों और बैंकों द्वारा खातों को फ्रीज करने को लेकर विस्तृत दिशानिर्देश जारी किये है। न्यायालय ने संदिग्ध ट्रांजेक्शन और विवादित राशि पर रोक लगाने की बजाय पूरे खाते को फ्रीज करने के मामले पर गाईडलाईन्स जारी की है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उज्बेकिस्तान और किर्गिज गणराज्य की चार दिन की यात्रा पर रवाना हुए। श्री मोदी ने अपने प्रस्थान वक्तव्य मे कहा कि उनकी इस यात्रा से मध्य एशिया में भारत की रणनीतिक साझेदारियां मजबूत होंगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शफकत मिर्जियोयेफ के साथ व्यापार, निवेश, डिजिटल संपर्क, रक्षा तथा ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढाने को लेकर बातचीत करेंगे। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी के उज्बेकिस्तान आगमन की जबरदस्त तैयारियां की गई है। राजधानी ताशकंद में जगह–जगह भारतीय ध्वज तिरंगा नजर आ रहा है।

00000

प्रधानमंत्री श्री मोदी का आकाशवाणी से हर महीने प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम का 137वां संस्करण कल होगा। श्री मोदी कल सुबह 11 बजे इस कार्यक्रम में श्रोताओं से अपने विचार साझा करेंगे। इस कार्यक्रम के जरिये प्रधानमंत्री विभिन्न विषयों पर बातचीत करते है। साथ ही देशवासियों की प्रेरणादायक कहानियों, पहलो और उपलब्धियों पर चर्चा करते है। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

0000

दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे पर अलवर में आज तड़के एक सड़क हादसे में तीन युवको की मृत्यु हो गई और दो युवक घायल को गए। दुर्घटना गोविंदगढ क्षेत्र में सिरमोर पुलिया के पास एक पिकअप वाहन और ट्रक की टक्कर से हुई, जिसमें पिकअप सवार युवको ने मौके पर ही दम तोड दिया। उधर सीकर में आज तडके इलेक्ट्रिक वाहनों के शोरूम में आग लग गई। हादसे में करीब 40 वाहन जलकर नष्ट हो गए। पुलिस ने आग लगने का कारण शोर्टसर्किट बताया हैं।

00000

प्रदेश में बरसात का दौर थमने के साथ ही पारे में बढोतरी होने लगी है। ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढा है। श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान पिछले तीन–चार दिनों से 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। बीते 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार बरसात की गतिविधियां अब फिलहाल सुस्त रहने के आसार है। 4 सितम्बर से राज्य के पूर्वी हिस्सों में छुटपुट बरसात हो सकती है। जल संसाधन विभाग के अनुसार राज्य में अब तक सामान्य से करीब 17 फीसदी कम पानी बरसा है। डीग और फलौदी जिले में ही सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। वहीं अजमेर, अलवर, जोधपुर, चूरू और सीकर सहित 20 जिलों में सामान्य बरसात हुई है। राजधानी जयपुर, कोटा, उदयपुर, भीलवाडा और बांसवाडा सहित 19 जिले कम बारिश वाले स्थानों में शामिल है। 693 छोटे बडे बांधों में से 437 आंशिक रूप से भरे है। वहीं केवल 57 बांध ही लबालब है। राज्य के कुल बांधों में अब

तक 57 प्रतिशत से अधिक जल भराव हुआ है। हालांकि पिछले साल इस समय तक इनमें 82 फीसदी से अधिक पानी की आवक हो चुकी थी। बारिश के मौसम में प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का आना जारी है। उदयपुर और सिरोही के आबूराज में भी अच्छी तादाद में पर्यटक पंहुचे है। आबूराज में मौसम सुहाना बना हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि लोग नक्की झील और गुरूशिखर सहित विभिन्न स्थानों पर हरीभरी वादियों का आनंद ले रहे है।

00000

राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर आज देशभर में विभिन्न कार्यक्रम हुए। नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में विशेष कार्यक्रम रखा गया। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडिविया और केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी इसमें शामिल हुए। इस अवसर पर श्री मांडिविया ने लोगों को खेलो को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए कहा। उन्होंने युवाओं को कम से कम एक घंटा खेल और शारीरिक गतिविधियों के लिए समर्पित करने के लिए प्रेरित किया।

00000

श्री मेघवाल ने भी शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक रूप से फिट रखने के साथ ही तनावमुक्त रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हॉकी के महान खिलाडी मेजर ध्यानचंद को नमन किया। उन्होंने कहा कि खेल वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को सशक्त करते है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी एक साक्षात्कार में कहा कि खेलों में अपार अवसर है। लगातार अभ्यास, सकारात्मकता और मन लगाकर प्रयास करने से सफलता पाई जा सकती है। इधर प्रदेश में भी राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर विभिन्न आयोजन हुए। जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में खेल समारोह रखा गया। नागौर, पाली सहित कई स्थानों पर खेल महोत्सव भी आयोजित किये गए।

0000